# विशेष रिपोर्ट


# बुलियन

( मई 2023 )




moneywise. be wise.

## अप्रैल 2023 में सर्राफा की कीमतों में बदलाव (% में)




स्रोत: एसएमसी रिसर्च एवं रॉयटर्स

## जनवरी-अप्रैल 2023 में सर्राफा की कीमतों में बदलाव (% में)




स्रोत: एसएमसी रिसर्च एवं रॉयटर्स

अप्रैल में, अमेरिकी बैंकिंग क्षेत्र में उथल-पुथल पर चिंता के कारण निवेशकों के बीच सुरक्षित निवेश के लिए मांग में बढ़ोतरी होने से सोने की कीमतों में दूसरी मासिक वृद्धि दर्ज की गई, यहां तक कि अमेरिकी मुद्रास्फीति की स्थिरता ने मई में ब्याज दर में वृद्धि की संभावना को मजबूत किया। यद्यपि एक ओर दर वृद्धि की संभावनाएं सोने पर दबाव डाल रही थीं, दूसरी ओर बुलियन को कमजोर डॉलर और अमेरिकी बैंकिंग क्षेत्र में चल रहे उथल-पुथल और आर्थिक धीमेपन के डर से उत्पन्न सुरक्षित निवेश की मांग के कारण मदद मिल रही थी। बैंकिंग संकट सामने आने के कारण अप्रैल के मध्य में सोना एक साल के उच्चतम स्तर 2,048.71 डॉलर पर पहुंच गया। कारोबारियों ने अमेरिकी ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन की चेतावनी का भी जायजा लिया कि कांग्रेस द्वारा सरकार की ऋण सीमा को बढ़ाने में विफल रहने से एक 'आर्थिक तबाही' शुरू हो जाएगी जो आने वाले वर्षों के लिए ब्याज दरों को बढ़ा देगी।

## आउटलुक

- मई में सोने और चांदी की कीमतों में उच्च अस्थिरता के साथ कारोबार जारी रहने की संभावना है । लेकिन उच्च ब्याज दरों के कारण सोने की कीमतों पर दबाव पड़ता हैं क्योंकि इससे कोई यील्ड नहीं मिलती है, और इससे बुलियन को मदद मिल सकती है क्योंकि उच्च ब्याज दर एक और बैंकिंग संकट की संभावना को बढ़ाते हैं।
- अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने, जैसा कि अनुमान था, अपनी बेंचमार्क ब्याज दर को एक चौथाई प्रतिशत बिंदु तक बढ़ा दिया। फेड ने अब यह नहीं कहा कि आगे भी दरों में वृद्धि की आवश्यकता होगी, लेकिन यह माना कि दरों की दिशा तय करने के लिए केवल आने वाले आंकड़ों को देखा जाएगा कि क्या अधिक बढ़ोतरी उचित हो सकती है।
- फेड ने हाल ही में बैंक विफलताओं के नतीजों का आकलन करने, अमेरिकी ऋण सीमा पर राजनीतिक गतिरोध के समाधान की प्रतीक्षा करने और मुद्रास्फीति की निगरानी करने के लिए दरों में वृद्धि में रोक लगाने का संकेत दिया।
- अमेरिकी ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन ने कहा कि अगर कांग्रेस कर्ज की सीमा बढ़ाने या निलंबित करने में विफल रहती है तो अमेरिका के पास 1 जून तक अपने बिलों का भुगतान करने के लिए पैसा खत्म हो सकता है।
- फेड अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा कि अमेरिका के पास मंदी से बचने का एक बड़ा अवसर है, लेकिन वह इसे खारिज नहीं कर सकते है और यह संभव है कि हल्की मंदी का सामना करना पड़ा सकता है।
- बैंकिंग क्षेत्र में चिंताएं अभी भी अनसुलझी हैं, जिससे जोखिम भरे माहौल में एक सतर्क रुख बना रह सकता है। आगे गिरावट की स्थिति में सोने में सुरक्षित-निवेश जारी रह सकता है।
- सकल घरेलू उत्पाद, उपभोक्ता विश्वास, बेरोजगारी और मुद्रास्फीति से संबंधित अमेरिकी आंकड़ें काफी हद तक नकारात्मक रहे है, जिससे मंदी की आशंका बढ़ रही है।
- सिल्वर इंस्टीट्यूट के अनुसार इस वर्ष 1.02 अरब औंस की अनुमानित आपूर्ति के मुकाबले 1.17 अरब औंस की मांग का अनुमान है। लेकिन यह 142.1 मिलियन औंस के अंतर रह सकता है जो दो दशकों में दूसरा सबसे बड़ा घाटा होगा।
- अप्रैल में पर्थ मिंट से सोने की बिक्री मार्च के 80,541 औंस से 6.7% कम होकर 75,166 औंस हो गई, जबकि चांदी की बिक्री पिछले साल अक्टूबर के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। दूसरी ओर, चांदी की बिक्री मासिक आधार पर 6.8% बढ़कर 1,947,743 औंस हो गई।

**एमसीएक्स में सोने की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव**



स्रोत: रॉयटर्स

**कोमेक्स में सोने की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव**



स्रोत: रॉयटर्स

**एमसीएक्स में चांदी की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव**



स्रोत: रॉयटर्स

**कोमेक्स में चांदी की कीमतों में साप्ताहिक बदलाव**



स्रोत: रॉयटर्स


**मई में सोने की कीमतें 59000-63000 के दायरे में कारोबार कर सकती है और चांदी की कीमतों में भी भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है और कीमतें 72000-79500 के दायरे में कारोबार हो सकती है। कोमेक्स पर सोने की कीमतें 1970-2140 डॉलर के दायरे में और चांदी की कीमतें 24.20-28.00 डॉलर के दायरे में कारोबार कर सकती है। कीमतों में गिरावट के बाद खरीददारी सबसे उचित रणनीति है।**

### पर्थ मिंट से सोने और चांदी के उत्पादों की बिक्री (औंस में)




स्रोत: पर्थमिंट

### कॉमेक्स में सोने-चांदी की कीमतों का अनुपात



स्रोत: रॉयटर्स

**एनॉलसिस:** अप्रैल में सोने-चांदी का अनुपात 78.6 तक कम हुआ है, उसके बाद 80 तक रिकवर किया है। मई में अब यह अनुपात 75-85 के दायरे में रह सकता है।

# एसपीडीआर ट्रस्ट में सोने की होल्डिंग की कीमत




स्रोत: goldprice.org

**एनॉलसिसः** एसपीडीआर सोने की कीमते नवम्बर 2022 के बाद से बढ़ना शुरू हुई है लेकिन फरवरी 2023 में इसकी बढ़त पर रोक लग गई । अप्रैल में कीमतें फिर से 189 के उच्च स्तर पर पहुंच गई । अब निकट भविष्य में 184–195 के दायरे में रह सकती है।

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

moneywise. be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएनः L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमरः** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुनः वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।